अनुक्रमांक ....................................... समय : 2.00 घण्टा

नाम ............................................... पूर्णांक : 50

# प्रश्न-पुस्तिका
# चतुर्थ सेमेस्टर – 2016
## (सामाजिक अध्ययन)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** 'सत्यार्थ प्रकाश' रचना है- **(1)**

(A) स्वामी दयानन्द सरस्वती की (B) रामकृष्ण परमहंस की

(C) स्वामी विवेकानन्द की (D) राजा राममोहन राय की

**2.** नाना साहब दत्तक पुत्र थे- **(1)**

(A) बाजीराव के (B) रानी लक्ष्मीबाई के

(C) तांत्या टोपे के (D) शिवाजी के

**3.** कुँवर सिंह किस राज्य के जमींदार थे- **(1)**

(A) बैरकपुर (B) अवध

(C) बिठूर (D) जगदीशपुर

**4.** संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष थे- **(1)**

(A) डॉ० राजेन्द्र प्रसाद (B) डॉ० सच्चिदानन्द

(C) डॉ० भीमराव अम्बेडकर (D) इनमें से कोई नहीं

**5.** 'हिन्दुस्तान सामाजिक स्वाधीनता संगठन (Hindustan Republican Association) का गठन किया गया- **(1)**

(A) चन्द्रशेखर आजाद द्वारा (B) राम प्रसाद बिस्मिल द्वारा

(C) भगतसिंह द्वारा (D) राजगुरु द्वारा

**6.** 'बन्दी-जीवन' पुस्तक के लेखक थे- **(1)**

(A) भगत सिंह (B) चन्द्रशेखर आजाद

(C) राजगुरु (D) सचीन्द्रनाथ सन्याल

**7.** स्वतन्त्रता प्राप्ति के समय, पाण्डिचेरी कब्जे में था- **(1)**

(A) पुर्तगाल के (B) इंग्लैण्ड की महारानी

(C) फ्रान्स के (D) ईस्ट इण्डिया कम्पनी के

**8.** किस राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्र के सबसे कम भाग पर वनों का विस्तार पाया जाता है- **(1)**

(A) गुजरात (B) हरियाणा

(C) राजस्थान (D) बिहार

**9.** देश के सर्वाधिक क्षेत्रफल पर पाए जाने वाले वन हैं : **(1)**

(A) आर्द्र मानसूनी वन (B) उष्णार्द्र सदाबहार वन

(C) उष्णार्द्र पतझड़ वन (D) दलदली वन

**10.** मौसम कैसे बनता है ? **(1)**

(A) पृथ्वी के परिक्रमण (Revolution) के कारण (B) पृथ्वी के घूर्णन के कारण

(C) उदग्र से 23 1/3 अंश पर धुरी के झुकाव के कारण (D) क्षेतिक से 66 1/2 अंश पर धुरी के झुकाव के कारण

**11.** 'आर्कटिक विलो' है- **(1)**

(A) पर्वत का नाम (B) वन का नाम

(C) बाँध का नाम (D) झाड़ी का नाम

**12.** 'सी-सी (Tsetse) नाम है- **(1)**

(A) एक प्रकार के मच्छर का (B) एक प्रकार की मछली का

(C) एक प्रकार की मक्खी का (D) एक प्रकार के कुत्ते का

**13.** मलेरिया की दवा 'कुनैन' बनाई जाती है- **(1)**

(A) मदार के पत्तों से (B) भाँग के पत्तों से

(C) नीम के वृक्ष की छाल से (D) सिनकोना वृक्ष की छाल से

**14.** पचशील सिद्धान्तों में सबसे महत्वपूर्ण है- **(1)**

(A) प्रादेशिक अखण्डता सम्प्रभुता का पारस्परिक सम्मान (B) अनाक्रमण

(C) अहस्तक्षेप (D) शान्तिपूर्ण सहअस्तित्व तथा समानता और पारस्परिक कार्य

**15.** 'राष्ट्रसंघ और संयुक्त संघ में भिन्नता थी- **(1)**

(A) उद्देश्यों की (B) सैन्य सम्बन्धी

(C) अनेक सन्धि सम्मेलनों की (D) सदस्यता की

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**16.** 1857 ई0 के स्वतन्त्रता संग्राम के कारण बताइए। **(1)**

**17.** रानी अवन्ती बाई कौन थीं? **(1)**

**18.** ब्रह्मसमाज के सिद्धान्त क्या थे? **(1)**

**19.** श्रीमती एनी बेसेण्ट मूलतः कहाँ की निवासी थीं? **(1)**

**20.** अखिल भारतीय कांग्रेस की स्थापना कब हुई? इसकी स्थापना का श्रेय किसकों दिया जाता है? **(1)**

**21.** 'राष्ट्रीय उदारवादी आन्दोलन' के प्रमुख नेता कौन थे? **(1)**

**22.** 'सविनय अवज्ञा आन्दोलन' के प्रमुख कार्यक्रम बताइए। **(1)**

**23.** 'मानसूनी जलवायु' की सबसे बड़ी विशेषता लिखिए। **(1)**

**24.** 'जेट वायुधारा' किसे कहते हैं? **(1)**

**25.** 'प्राकृतिक संसाधन किसे कहते हैं? **(1)**

**26.** उत्तर प्रदेश के किस जनपद में बाँध परियोजना स्थित है? बाँध परियोजना का नाम भी लिखिए। **(1)**

**27.** चिपको आन्दोलन का किस क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान रहा है? **(1)**

**28.** 'जैव-विविधता किसे कहते हैं? **(1)**

**29.** माल्थस का जनसंख्या सिद्धान्त बताइए। **(1)**

**30.** समान्तर माध्य ज्ञात करने का सूत्र लिखिए। **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**31.** 1857 स्वतन्त्रता-संग्राम का नेता बहादुरशाह जफर को क्यों घोषित किया गया? किन्हीं चार कारणों पर प्रकाश डालिए। **(2)**

**32.** निम्नलिखित पर टिप्पणी लिखिए- (a) अहमदिया आन्दोलन (b) देवबन्ध आन्दोलन **(2)**

**33.** भारतीय 'पुनर्जागरण अथवा 'नवजागरण को नाम सहित अंकित कीजिए। **(2)**

**34.** भारत का मानचितत्र बनाकर, निम्नलिखित स्थानों को नाम सहित अंकित कीजिए। चौरीचौरा, अमृतसर, चम्पारण, इलाहाबाद **(2)**

**35.** 'जलवायु' और 'मौसम' में अन्तर स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**36.** उत्तर-प्रदेश में पायी जाने वाली खनिज सम्पदाएँ कौन-कौन सी हैं? किन्ही दो खनिज सम्पदाओं का वर्णन कीजिए। **(2)**

**37.** आयात-निर्यात से आप क्या समझते है? उत्तर-प्रदेश से निर्यात की जाने वाली चार वस्तुओं के नाम लिखिए। **(2)**

**38.** 'सांस्कृतिक विरासत' से आपका क्या आशय है, इसके संरक्षण के सन्दर्भ में अपने सुझाव विन्दुवार दीजिए। **(2)**

**39.** गैर सरकारी संगठन से आप क्या आशय है? समाज के विकास में इसका क्या योगदान है? **(2)**

**40.** 'भारत की जनसंख्या नीति' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। **(2)**

---

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-4/samajik-adhyayan/2016

2. सामाजिक अध्ययन का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-4/samajik-adhyayan/

3. सामाजिक अध्ययन के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-4/samajik-adhyayan/

---

**हमसे जुड़ें**

Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN